राज्यपाल सचिवालय,
राजभवन, जयपुर

मुम्बई में बोले राज्यपाल श्री कलराज मिश्र

स्वामी विवेकानन्द ने दुनिया में देश का नाम रोशन किया

जयपुर, 14 फरवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने कहा है कि स्वामी विवेकानन्द ने दुनिया में देश का नाम रोशन किया। स्वामी जी के जीवन के वैराग से लेकर अद्भुद् गुरू सेवा एवं अमेरिका स्थित शिकागो शहर के सर्व धर्म सम्मेलन में उनके ओजस्वी भाषण से सभी परिचित है। यह स्वामी जी के जीवन का एक पक्ष है। स्वामी जी के जीवन के दूसरे पक्ष से आज भी काफी लोग अपरिचित है, जिसके तहत उन्होनें विश्व के युवाओं में आत्म शक्ति को जगाने का अनुपम कार्य किया।

राज्यपाल श्री मिश्र शुक्रवार को मुम्बई के उपनगर अंधेरी(प.) के शास्त्री नगर स्थित स्वामी भक्ति वेदान्त विद्यालय के सभागार में आयोजित श्री हरिओम फिल्मस् के बैनरतले ''द ग्रेट मोन्क स्वामी विवेकानन्द'' शीर्षक से निर्मित हो रहे टी0वी0 सीरियल के ''मन्त्रा यूएसए डिजीटल एन्टरटेटमेन्ट प्लेटफार्म'' के शुभारम्भ कार्यक्रम को सम्बोन्धित कर रहे थे।

राज्यपाल ने कहा कि लक्ष्य की प्राप्ति तक निरन्तर अग्रसर होने का मूल मन्त्र स्वामी विवेकानन्द ने दिया। स्वामीजी का युवाओ को जन कल्याण के लिए जाग्रत हो कर खडे होने का आहवान ही उनका आत्म विश्वास जगाने का सूत्र है। राज्यपाल ने कहा कि आज के समय में देश के युवाओ के लिए स्वामी विवेकानन्द पर बन रहा सीरियल मार्गदर्शक होगा। यह प्रयास युवाओ में रचनात्मक क्रान्ति लायेगा।

राज्यपाल ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि स्वामीजी पर निर्मित इस सीरियल से देश विदेश में भारतीय संस्कृति का प्रचार–प्रसार होगा तथा इसके भाव से लोगो में विवेकानन्द के आचरण को आत्मसात करने की भावना जगेगी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बैगलुरू के योगा विश्वविद्यालय के कुलपति पदमश्री डा. एच. आर. नागेन्द्र ने भारतीय संस्कृति की योग विद्या को विश्व में अनुसरण को राष्ट्र की महानता का द्योतक बताया। कार्यक्रम को श्री अमरजीत मिश्र, मथुरा सांसद श्रीमती हेमा मालिनी, तथा गायक पदमश्री श्रीमती मालिनी अवस्थी ने भी सम्बोधित किया।

राज्यपाल ने रिमोट कन्ट्रोल से डिजिटल प्लेटफार्म का मेगा स्क्रीन शो का विधिवत शुभारम्भ किया। सीरीयल के निर्माता श्री कृष्णा मिश्रा ने आभार ज्ञापित किया। संचालन कवि महेश दुबे ने किया। इस अवसर पर मुम्बई के सिनेकलाकार उपस्थित थे।

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने मुम्बई अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अडडे से सीधे ही गोरेगांव(प.) स्थित कृष्णा स्टूडियो पहुंचकरं विधिविधान् से कलश पूजन किया। सीरियल ''द ग्रेट मोन्क स्वामी विवकानन्द के शीर्षक गीत की प्रस्तुति के लिए राज्यपाल ने नारियल फोडा। राज्यपाल की उपस्थिति में गायिका पद्मश्री मालिनी अवस्थी की आवाज में शीर्षक गीत को रिकार्ड किया गया।

———

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक (जनसम्पर्क), राज्यपाल